पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

Email Id- registrarprsu@gmail.com Phone No. 0771-2262540

क्रमांक / 901 / सा.प्रशा. / वेतन–आह. / एफ–17 / 2020 रायपुर दिनांक 31 / 03 / 2020

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष / संचालक /
कार्यालय प्रमुख / प्रभारी अधिकारी
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– नोवेल कोरोना वायरस (COVID-19) से संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सहयोग विषयक।

विषयांतर्गत ज्ञात हो कि संपूर्ण विश्व सहित भारत एवं छत्तीसगढ़ में नोवेल कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी से संकट उत्पन्न हुआ है। इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार लगातार समस्त नागरिकों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। इस संकट की घड़ी में राज्य के शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं विभिन्न अशासकीय संस्थाओं द्वारा एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण / अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों ने मांग की है कि उनका भी 01 दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में सहयोग के रूप में जमा करा दी जावे।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि 03 ~~मार्च~~ अप्रैल 2020 तक अपने अपने अधीनस्थ समस्त शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त कर सहमति अथवा असहमति से तत्काल सूचित करेंगे। असहमति प्रदान करने वालों का 01 दिन का वेतन नहीं काटा जाएगा। इसी तारतम्य में यह भी लेख है कि जिन शिक्षक / अधिकारी एवं कर्मचारियों का 01 दिन का वेतन कट जाएगा तथा वे बाद में असहमति प्रदान करते हैं तो उनका 01 दिन का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा।

आदेशानुसार

31.3.20

कुलसचिव

निरन्तर...2

// 2 //

पृ. क्र. / 902 / सा.प्रशा. / वेतन–आह. / एफ–17 / 2020 रायपुर दिनांक 31 / 03 / 2020

प्रतिलिपिः– कुलपति / कुलसचिव के निज सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।

कक्ष अधिकारी (सा.प्रशा.)

- कोरोना वायरस (COVID-2019) से बचने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें।
- कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएँ।